Rajasthan Foundation Newsletter

राजस्थान फ़ाउण्डेशन पत्रिका

January-March, 2004. जनवरी-मार्च, 2004

Jaipur Goes Global...

- World-class Convention Centre to come up in Jaipur
- Jaipur Airport goes International

For centuries, Jaipur, world-renowned for its architectural beauty and historic charm, has attracted visitors from across the globe. Its majestic forts, carved and painted palaces, sprawling courtyards and colourful bazaars have enchanted the world.

Breathtaking sites, lavish entertainment, delectable Rajasthani cuisine and warm hospitality traditions have made Jaipur the most attractive destination for international events.

The city has emerged as a convention centre par excellence capable of hosting any kind of mega event.

To further promote Jaipur as the venue for national and international events, an International Convention Centre would come up in Jaipur. World-class infrastructure, convenient location, and perfect setting – the convention centre would be fully equipped to host an event of any magnitude.

Moreover, the Jaipur airport has been awarded international status. The work on up-gradation of the airport has already started. The extension of runway from 7,500 to 9,000 feet is almost complete. Two duty-free shops and a money exchange counter have already been set up at the airport.

The international airport would facilitate the non-resident Rajasthanis visiting their motherland. These steps will indeed further the objectives of Rajasthan Foundation towards bringing the non-resident community closer to Rajasthan.

In this Issue

Pravasi Bhartiya Divas 2
New Leadership 7
Visitors 8
Culture 9
Ad Asia 2003 10
Contributions 11

All donations to Rajasthan Foundations (Registration No. 930/Jaipur/2000-01) are exempted under Section 80G of Income Tax Act, 1961.

PRAVASI BHARATIYA DIVAS

Rajasthan connects with the Diaspora

"I invite you to the Rajasthan of our dreams, dreams that are coming alive every day, every moment. Your participation is necessary to position Rajasthan amongst the frontrunner states."

Mr. Narpat Singh Rajvi, Industries Minister, Government of Rajasthan

To facilitate an effective interaction between the Non-resident Indians and the state of Rajasthan and to further strengthen the bonding with their home state, the Government of Rajasthan actively participated in the Pravasi Bharatiya Divas (PBD). PBD was organised by the Government of India in New Delhi from the 9th to the 11th of January, 2004 in association with the Federation of Indian Chamber of Commerce and Industry (FICCI).

To encourage NRI participation in the industrial, tourism and socio-economic development of Rajasthan, the State Government deputed officers of Rajasthan Foundation, Bureau of Investment Promotion and the Department of Tourism. The Commissioner, the Executive Director and executives from Rajasthan Foundation represented the Foundation. Foundation's office was interacting with the non-resident Rajasthani community in order to ensure a good participation at the PBD.

The Government of Rajasthan, besides setting up a Rajasthan Pavilion at the concurrent exhibition, organised an interactive session "Paricharcha" on the 11th of January, the third and final day at the PBD.

More than hundred eminent NRRs including Dr. P.C. Lunia, Mr. Rakesh Bhargava, Ms. Sunita Lodha, Mr. Dinesh Maheshwari and Mr. Kamal Suran participated in the "Paricharcha". The session was chaired by Mr. Narpat Singh Rajvi, Minister of Industries, Government of Rajasthan.

After the traditional lighting of lamp ceremony by Mr. Narpat Singh Rajvi, Mr. T Srinivasan, Secretary Industries, Government of Rajasthan made the theme presentation: "Industrial Development and Investment

> **Rajasthan is an investor friendly State and boast of excellent industrial infrastructure. The availability of power in Rajasthan is one of the best in whole of Northern India.**
>
> **Mr. T. Srinivasan, Principal Secretary Industries, GoR**

Opportunities in Rajasthan". He spoke about the strengths of Rajasthan and the potential it offered to investors. It is the largest state in terms of area and its Net Domestic Product is about Rs.768 billion. Between 1950-51 and 2001-02, the number of large and medium industries in the State increased from 8 to 367, while the number of small-scale industries jumped from 1,000 to over 2 lakh. Both domestic and foreign companies have set up base in Rajasthan. Some of the notable names include Eicher, J K Cement, Ericsson, GE, Ford, Ray Ban, Coca Cola and Gillette.

Rajasthan was an investor friendly State and boasted of good industrial infrastructure, said Mr. Srinivasan. For instance, the availability of power in Rajasthan is one of the best in Northern India. There are export promotion industrial parks and theme parks concentrating on sectors like IT, food and gems and jewellery. Plans for setting up agri-export zones had also being finalized, he added transport, power and telecom sectors have developed to a considerable extent in the last few years.

The State is rich in mineral deposits and non-ferrous metals. It is the largest producer of oilseeds like mustard and rapeseed in India. Rajasthan also produces the largest amount of milk in the country and makes substantial contributions to output of spices, fruits and vegetables.

In the tourism sector, Rajasthan offers its forts, palaces, fairs, festivals and wildlife to the world.

Rajasthan can provide good quality human resources to its investors. There are 30 engineering colleges, 20 colleges that offer management courses and 15 more than give MCA degrees.

The thrust sectors the state government is trying to focus on include manufacturing, tourism, agriculture and mines. The cement, gems and jewellery, auto ancillary, handicrafts, agro & food processing, livestock based and mineral based industries would be given a boost. Other key sectors include roads, IT, biotechnology and logistics based industries.

Following a pro investment governance approach, single window system for clearances has been started in Rajasthan. The investment policy and the special economic zone policy are being reformed to facilitate the investors.

Mr. Srinivasan finished his presentation by saying, "Rajasthan is a state on the move. Please benefit from the transformation."

Dr. L. M. Singhvi, Chairman of the Pravasi Bhartiya Divas Organizing Committee in his address said there is need to take stock of Rajasthan's strengths in order to market it properly. Dr. Singhvi observed that Rajasthan could be developed into the best event destination in the world. For example, tourists can be encouraged to organize their wedding in the state and make use of the beauty, diversity and creativity of the state for such big occasions. Rajasthan should develop the capacity to cope with increasing number of tourists.

Mr. Arvind Mayaram, The then Secretary, Tourism and Commissioner RF, Government of Rajasthan, making a presentation

> **The knowledge-based industries, such as educational institutions must be developed in the State as it has tremendous scope.**
>
> **Mr. Rajendra S. Lodha, Former President FICCI**

The enthusiasm created for better investment opportunities should be maintained.

Mr. Arvind Singh Mewar, President, Heritage Association of India

From L-R Mr. Arvind Mayaram, Mr. C. S. Rajan, Mr. T. Srinivasan, Mr. Narpat Singh Rajvi, Mr. L. M. Singhvi and Mr. R. N. Mirdha

With regard to attracting investments, he said money might come for the sake of affinity, but it does not come and stay for affinity. Money will go where more money can be made and where it will remain safe. The state government should start investment planning in a forward-looking manner.

Mr. Arvind Mayaram, then made a multimedia presentation on tourism. Globally, tourism creates 8% of world employment and 11% of global GDP. It is one of the top five foreign exchange earners for 83% of the countries across the world. In India every rupee spent by a tourist changes hands 13 times. The tourism industry also has the capacity to create employment ranging from most specialized to under-skilled. He said it could provide a sustainable solution for economic development.

The differentiating factor for Rajasthan as a tourism destination is its living tradition. Starting from the royalty and going to the folk artisans, they have retained their lifestyle and kept the Rajasthani heritage alive. The state tourism policy places emphasis on private sector participation, tourism infrastructure and preservation of culture. Jaipur airport would start serving as an international airport from March 2004 and this would give a further fillip to the tourism industry in the State.

Mr. Mayaram also spoke about the Rajasthan Foundation, which aims at facilitating participation of non-resident Rajasthanis and non-resident Indians. Chapters of the Foundation have been opened all over the country and in cities abroad, he informed.

Mr. C. S. Rajan, Secretary, Energy, Government of Rajasthan, gave a presentation entitled "Investment opportunities in Rajasthan: Role of Power Sector". He said the state government has made sincere efforts to reform the power sector in the state. The State Electricity Board has undergone organizational restructuring and a financial restructuring plan has been put in place. Non-conventional energy resources like wind are being

The IRC 2000 was very well organised by the State...the next PBD should be organised in Jaipur or any other city in Rajasthan.

Mr. Dinesh C. Maheshwari, Director, Bhaskar's Art Academy, Singapore

I invite Rajasthan Government to participate in the Peace Unity International, being organised in August 2004 in California.

Ms. Sunita Lodha, CEO, VUI Peace Unity International, Dublin

Rajasthan Pavilion at Pravasi Bhartiya Divas

tapped to produce power. The demand supply gap has been bridged to a considerable extent. The peak deficit has come down to 5.6% from 20% five years ago. The quality of power supply has improved and so has the financial health/viability of the sector. Tariff rationalization, promotion of industrial consumption and incentive scheme for HT industries are other noteworthy reforms.

Ever since the new electricity Act was passed in 2003, opportunities have sprung up for investment in the power sector. The Rajasthan government, on its part, has given further impetus by steps like fully liberalizing thermal power generation and announcing a non-conventional energy/wind power policy. Investment opportunities also exist in trading of power to other states and in distribution of power. For instance, during agricultural off-season, excess power supply could be offered to other states.

The keynote address was then made by Mr. Narpat Singh Rajvi. The Hon'ble Minister, enumerated the reasons why investors should choose Rajasthan. He said the vision of a developed Rajasthan could be achieved with proper management and planning. Addressing the Diaspora participants he said, "I invite you to the Rajasthan of our dreams, dreams that are coming alive every day, every moment. Your participation is necessary to position Rajasthan amongst the frontrunner states."

Dr. L.M. Singhvi, Organiser, Pravasi Bharatiya Divas and Principal Secretary Industries, Government of Rajasthan also addressed the NRIs on this occasion.

The NRI delegates showed keen interest in increasing investments in the social sectors and also appreciated the role of Rajasthan Foundation in facilitating NRI participation in the overall development of the State. Mr. Arvind Singh Mewar, Chairman, Maharana Mewar Foundation, Mr. Ram Niwas Mirdha, Ex-Cabinet Minister, Government of India; Commissioner, BIP and NRI, Government of Rajasthan; Resident Commissioner, Government of Rajasthan, Mr. Rajendra M. Lodha, Ex-chairman, FICCI and Mr. Nirmal Sethia also marked their presence in the session.

The Government should utilize the platform created in USA such as RANA to make presentations for projecting investment opportunities in different sectors.

Mr. Rakesh Bhargava, RKB Consulting Group, New York

Vinod Zutshi joins
Rajasthan Foundation as Commissioner

Mr. Vinod Zutshi has recently joined as the Commissioner of Rajasthan Foundation and Secretary, Tourism. Mr. Zutshi is a senior IAS officer of 1982 batch. He has held various posts of responsibility in Government including Collector of Alwar, Dholpur, Dausa and Jaipur; Director, Information & Public Relations; Registrar, Cooperatives; Secretary, GAD, Cabinet Secretariat and Civil Aviation Department and Chief of Protocol and Secretary, Elementary, Secondary, Higher and Sanskrit Education.

Besides having this administrative experience, he is also an MBA (specialisation in Marketing & Finance).

Connecting with the Diaspora

During the Pravasi Bhartiya Divas (PBD), Rajasthan Foundation officials had one-to-one meetings with some illustrious sons of the soil.

One such meeting was held with Mr. Nirmal Sethia, an eminent non-resident Rajasthani (NRR) and IRC delegate. Through Nirmal Sethia Charitable Trust Mr. Sethia is contributing towards social development of the people of Sujangarh. He has established a college "Sona Devi Sethia Post Graduate College" at Sujangarh to promote girl education in the area.

Mr. Vinod Ajmera, the Executive Director of the Foundation apprised Mr. Sethia about the progress of the Foundation and presented him the first copy of the interactive CD on Rajasthan Foundation. The CD was especially developed by the Foundation for the event.

It contained the comprehensive information about the Foundation, its objectives, role and how it is helping the NRR community in strengthening their ties with Rajasthan.

During the PBD, Mr. Ajmera also had a meeting with Dr. L. M. Singhvi, Chairman of the Organizing Committee of PBD. Dr. Singhvi himself is an NRR.

They discussed the progress of the Foundation and Dr. Singhvi gave some suggestions for further strengthening the role of the Foundation.

Mr. Vinod Ajmera presenting the first copy of the interactive CD on Rajasthan Foundation to Mr. Nirmal Sethia

Mr. Ajmera in discussion with Dr. L. M. Singhvi (centre)

"Thou shall be a diaspora in all kingdoms of the Earth"

राज्य का नया नेतृत्व: एक परिचय

दिसम्बर माह में नये नेतृत्व ने राज्य की कमान सम्भाली, राज्य की प्रथम महिला मुख्य मंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में नया मंत्रिमण्डल राज्य को विकास एवं उन्नति के नये शिखर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीमती वसुन्धरा राजे,
मुख्य मंत्री

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा,
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

श्री गुलाब चन्द कटारिया,
सार्वजनिक निर्माण मंत्री

श्री नरपत सिंह राज़वी,
उद्योग मंत्री

श्री घनश्याम तिवाड़ी,
शिक्षा मंत्री
(i) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग
(ii) संस्कृत शिक्षा विभाग
(iii) भाषाई अल्पसंख्यक विभाग
(iv) भाषा विभाग
अतिरिक्त प्रभार:
(1) संसदीय मामलात विभाग

श्री कनकमल कटारा,
जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

प्रो. सांवर लाल जाट,
सिंचाई मंत्री
(i) सिंचाई विभाग
(ii) इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना विभाग

मो. युनूस खान,
युवा एवं खेलकूद मंत्री

श्री मदन दिलावर,
समाज कल्याण मंत्री

श्री प्रभुलाल सैनी,
कृषि राज्य मंत्री

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य अतिरिक्त विभागों का कार्य मुख्यमंत्री स्वयं देखेंगी।

विशिष्ट अतिथि

प्रसिद्ध उद्योगपति एवं ए.बी. बिरला समूह के अध्यक्ष श्री कुमार मंगलम् बिरला एड एशिया के दौरान अपनी जयपुर यात्रा पर राजस्थान फ़ाउण्डेशन पधारे। यहाँ पर फ़ाउण्डेशन के उच्च अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

इस बैठक के दौरान श्री बिरला ने फ़ाउण्डेशन के कार्यालय का अवलोकन किया। अधिकारियों ने उन्हें फ़ाउण्डेशन के उद्देश्यों तथा कार्यों के बारे में अवगत कराया। बैठक में फ़ाउण्डेशन के कार्यकारी निदेशक श्री विनोद अजमेरा भी उपस्थित थे।

प्रसिद्ध उद्योगपति एवं रेमण्ड लि. के अध्यक्ष श्री गौतम सिंघानिया ने नवम्बर, 2003 में राजस्थान फ़ाउण्डेशन कार्यालय का अवलोकन किया। श्री सिंघानिया एड एशिया के दौरान जयपुर यात्रा पर पधारे हुए थे।

फ़ाउण्डेशन के पूर्व आयुक्त श्री अरविंद मायाराम ने उनका स्वागत किया। आयुक्त तथा उच्च अधिकारियों से सिंघानिया ने गहन विचार-विमर्श किया।

आयुक्त ने श्री सिंघानिया को फ़ाउण्डेशन के उद्देश्यों व कार्यकलापों से अवगत कराया। श्री सिंघानिया ने काफी रुचि से फ़ाउण्डेशन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर आयुक्त ने श्री सिंघानिया को 'राजस्थान कॉफी टेबल' पुस्तक भेंट की।

हाल ही में वीडियोकॉन के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप धूत, राजस्थान फ़ाउण्डेशन में पधारे। उनका स्वागत फ़ाउण्डेशन के कार्यकारी निदेशक श्री विनोद अजमेरा तथा उच्च अधिकारियों ने किया।

बैठक के दौरान श्री अजमेरा ने श्री धूत को फ़ाउण्डेशन के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी। श्री धूत ने फ़ाउण्डेशन के कार्यों की प्रशंसा की तथा भविष्य में फ़ाउण्डेशन के कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु सुझाव भी दिये।

(बायें से दायें) श्री कुमारमंगलम् बिड़ला, श्री प्रदीप धूत एवं श्री गौतम सिंघानिया राजस्थान फ़ाउण्डेशन कार्यालय में

आयुक्त की कलम से

प्रिय राजस्थानी बन्धुगण,

मुझे आप सबसे संवाद करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। अपने पुरुषार्थ एवं इच्छाशक्ति के बल पर आज आप देश-विदेश में सफलता के नये सोपान चढ़ रहे हैं। आपने राजस्थानी संस्कृति की महक और कीर्ति चहुँदिशा में फैलाई है। आप ही राजस्थान के सच्चे राजदूत हैं।

राजस्थान फ़ाउण्डेशन का उदय एक प्रयास है, हमारे रिश्ते की प्रगाढ़ता को नई लौ देने का।

यह एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में राजस्थान के प्रति आपकी संकल्पबद्धता को साकार करने हेतु गति देगा। अपनी स्थापना से ही इस संवादसेतु ने देश-विदेश के कोने-कोने में बैठे प्रत्येक राजस्थानी के हृदयस्थल पर अपना अधिकार जमा लिया है।

भविष्य में भी यह मेरा प्रयास ही रहेगा कि फ़ाउण्डेशन हमारे इस स्नेहसिक्त अटूट बंधन को नित नये आयाम प्रदान करे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका अनन्य प्रेम व उत्कृष्ट भावना निःसंदेह राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बना देंगे।

विनोद जुत्शी

आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन

राजस्थान के दुर्ग

राजस्थान गढ़ों और दुर्गों का प्रदेश है। यहाँ का शायद ही कोई जनपद या अंचल ऐसा हो जहाँ कोई छोटा-बड़ा दुर्ग या गढ़-गढ़ी न हो तथा जिसे लेकर कभी न कभी किसी ने युद्ध का अनुष्ठान न किया हो। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यहाँ प्रायः हर किले की अपनी ही एक दास्तान है तथा उसके साथ कोई न कोई ऐतिहासिक प्रसंग या धारणा जुड़ी हुई है।

दुर्ग निर्माण की परम्परा हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही चली आ रही है, जिसका प्रमाण हमारे धर्म एवं नीतिशास्त्र के ग्रंथ हैं। इन ग्रंथों में वास्तुकला के अन्तर्गत दुर्ग के रचना शिल्प तथा उनके विविध भेदों का भी विस्तृत विवेचन किया गया है।

शुक्रनीति के अनुसार राज्य के सात अंग माने गये हैं जिनमें दुर्ग भी एक है। ये राज्यांग निम्नांकित हैं:

स्वाम्यमात्य सृहृत्कोश राष्ट्र दुर्ग बलानि च। सप्तांग मुच्येत राज्यं तत्र मूर्धा नृपः स्मृतः (अर्थात (1) स्वामी (राजा) (2) अमात्य (मंत्री) (3) सुहृत (4) कोश (5) राष्ट्र (6) दुर्ग तथा (7) सेना)राज्य में मानव शरीर का रूपक को बांधते हुए शुक्र नीतिकार ने दुर्ग को शरीर के प्रमुख अंग हाथ की संज्ञा दी है।

राजस्थान के प्रमुख दुर्गः

दुर्ग निर्माण में राजस्थान की स्थापत्य कला का चरमोर्त्कर्ष देखा जा सकता है। प्राचीन ग्रन्थों मे किलों की जिन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख हुआ है, वे यहाँ के किलों में प्रायः साकार हुई है।

सुदृढ़ प्राचीर, विशाल परकोटा, अभेद्य बुर्ज, किले के चारों तरफ गहरी नहर या परिखा, किले के भीतर सिलह खाना (शस्त्रागार), जलाशय अथवा पानी की टाँके, अन्न भण्डार, किले का गुप्त प्रवेश द्वार तथा सुरंग, राजप्रसाद तथा सैनिकों के आवास गृह यहाँ के प्रायः सभी किलों में विद्यमान हैं।

गिरि दुर्गों में चित्तौड़ का किला सबसे प्राचीन और प्रमुख है जिसके लिए लोगों में यह उक्ति प्रचलित है 'गढ़ तो चित्तौड़गढ़ बाकी सब गढ़ैयां' जो इसकी देशव्यापी ख्याति का प्रमाण है। वीर क्षत्रिय योद्धाओं के बलिदान और राजपूत ललनाओं के जौहर के साक्षी चित्तौड़ किले की विशेषतायें हैं, उसकी घुमावदार प्राचीरें, उन्नत और विशाल बुर्जे तथा विशाल पर्वत की घाटी के कारण संकरा मार्ग जिसने इस किले को सामरिक दृष्टि से एक अजेय दुर्ग बना दिया था। अकबर की शक्तिशाली सेना भी तीन माह से अधिक चलने वाले घेरे के बाद ही चित्तौड़ के किले पर अधिकार कर सकी।

कुम्भलगढ़ का दुर्ग भी एक विशाल और ऊँची पहाड़ी पर बना हुआ है तथा सदृढ़ द्वारों एवम् प्राचीरों से युक्त है। इस किले की विशेषता है, इसके भीतर स्थित लघु दुर्ग–कटारगढ़। मेवाड़ और मारवाड़ की सीमा पर बसा यह दुर्ग न केवल सैनिक दृष्टि से उपयोगी था बल्कि विपत्ति के समय शरणस्थल के रूप में भी उपयुक्त था। इस किले की ऊँचाई के बारे में अबुल फज़्ल ने लिखा है कि यह इतनी बुलन्दी पर बना हुआ था कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर से पगड़ी गिर जाती थी।

राजस्थान के गिरि दुर्गों में प्रमुख तथा हमीर की आन का प्रतीक रणथम्भौर अरावली पर्वतमाला की श्रृंखलाओं से घिरा एक विकट दुर्ग है। बीहड़ वन और घाटियों के मध्य अवस्थित यह दुर्ग बीते ज़माने में भारत के गिरि दुर्गों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। रणथम्भौर दुर्ग के स्थापत्य की विलक्षण बात यह है कि विशाल पर्वत शिखर पर स्थित होकर भी यह किला दूर से दिखाई नही पड़ता है जबकि इसके ऊपर से शत्रु सेना आसानी से देखी जा सकती है।

गिरि दुर्गों में सिवाणा के किले का अपना महत्व है। इस किले के साथ चौहान वीर सातल-सोम और राठौड़ वीर कल्ला रायमलोत की शौर्य गाथाएँ जुड़ी हुई हैं। इस आशय का एक दोहा हैः

किलो अणखलो यूं कहे, आव कला राठौड़।
मो सिर उतरे मेहणो, तो सिर बांधे मौड़।।

शेष अगले अंक में

एड एशिया 2003:
अविस्मरणीय आयोजन
राजस्थान फ़ाउण्डेशन ने दिया भरपूर योगदान

मशहूर फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन 'एड एशिया' का उद्घाटन करते हुए

विज्ञापन व्यवसाय का महाकुंभ, 'एड एशिया' इस बार राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित किया गया। राजस्थान के लिए यह गर्व की बात है कि जयपुर को इसकी मेज़बानी का अवसर मिला। भारत में दो दशक के बाद ऐसा अवसर आया; इससे पहले यह 1982 में दिल्ली में सम्पन्न हुआ था। चार दिन (11 से 14 नवम्बर, 2003) तक चले इस महाकुंभ में देश-विदेश के उद्योग एवं विज्ञापन से जुड़े नामी-गिरामी लोग इसमें शामिल थे। इसमें से प्रमुख थे मिशिगन विश्वविद्यालय, अमेरिका के प्रोफेसर सी. के प्रहलाद; हार्ले डेविडसन मीटर कम्पनी के पूर्व उपाध्यक्ष क्लाइड फेसलर; सीनियर पार्टनर, वर्ल्डवाइड-मैकिन्सी एण्ड कंपनी, रजत गुप्ता; जाने माने मार्केटिंग विशेषज्ञ जैक ट्राउट, इसके अलावा कई अन्य दिग्गज इसमें उपस्थित थे।


श्री रजत गुप्ता, सीनियर पार्टनर, वर्ल्डवाइड-मैकिन्सी एण्ड कंपनी 'एड एशिया' के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए

राज्य सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इस इवेंट को देखते हुए आयोजकों एवं सरकार में समन्वय के लिये एक समिति का गठन किया। इस समिति में पर्यटन विभाग, जयपुर नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, पुलिस तथा अन्य विभाग शामिल थे ताकि व्यवस्था सुचारु रुप से चले और आयोजकों को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। इसके लिये राजस्थान फ़ाउण्डेशन को नोडल एजेंसी व पर्यटन सचिव श्री अरविन्द मायाराम को नोडल सचिव बनाया था।

भारत में उद्योग की नींव माने जाने वाले दो सबसे बड़े समूह रिलायंस और बिड़ला के प्रमुख मुकेश अम्बानी एवं कुमार मंगलम बिड़ला भी उसमें उपस्थित थे। यह एक दुर्लभ अवसर था जब ये दोनों मंच पर पहली बार एक साथ नज़र आए।

'एड एशिया' का मुख्य नारा था ''ब्रेक द रूल्स'' यानी नियमों को तोड़ें। 'एड एशिया' का उद्घाटन जाने-माने सिने अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन ने किया।

'एड एशिया' के दौरान श्री मुकेश अम्बानी को राजस्थान पर पुस्तक भेंट करते हुए श्री विनोद अजमेरा

इस विषय पर 'एड एशिया' में ब्रांड प्रबंधन पर गंभीर चर्चा के पाँच दौर चले जिनका प्रभाव बहुत सटीक रहा। इसका अर्थ निकला नियम बनाएँ, नई दिशा तय करें। पुराने नियमों को समझें और नए परिवेश में ढालें।

'एड एशिया' में अनेक देशों के पुरस्कृत और लोकप्रिय टी.वी. विज्ञापन भी दिखाए गए। एशियाई विज्ञापन जगत पर चर्चा के लिए 'एड एशिया' में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया।

दुनिया के 20 देशों के 1500 प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। अब दो साल बाद 'एड एशिया' का आयोजन सिंगापुर में होगा।

'एड एशिया' के सफल संचालन में राजस्थान फ़ाउण्डेशन ने अपना भरपूर योगदान दिया। 'एड एशिया' के दौरान फ़ाउण्डेशन ने अपना दफ्तर बिड़ला सभागार में खोल दिया था। जहाँ फ़ाउण्डेशन के अफसर सतत मौजूद रहते थे ताकि आयोजकों को सरकार से जो भी सुविधा चाहिए उसका तुरन्त प्रबन्ध कर दिया जाये।

विज्ञापन जगत के दिग्गज व प्रमुख प्रवासी राजस्थानी श्री पियूष पाण्डे

डॉ. सुमन रीजसिंघानी

पचास लाख रुपयों के चिकित्सा उपकरण देंगे

अमरीका में बसे अजमेर के डॉ. सुमन रीजसिंघानी ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य को पचास लाख रुपये मूल्य के आधुनिक चिकित्सा उपकरण भेंट करने की पेशकश की है। इसके अलावा डॉ. सुमन रीजसिंघानी ने अजमेर और उदयपुर में मेमोग्राफी सेंटर स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

डॉ. रीजसिंघानी अमरीका की दूसरी सबसे बडी चिकित्सा संस्था (क्वीन लांग आइसलैण्ड मेडिकल समूह) के प्रमुख संचालक हैं। इस संस्था की अमेरिका में 21 इकाइयाँ हैं। इनमें से एक इकाई लगभग 4,000 वर्ग गज क्षेत्र में फैली है। इस समूह में 300 डॉक्टर और 1,800 अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं।

हमेशा से ही राजस्थान के सामाजिक विकास कार्यों में रुचि रखने वाले डॉ. रीजसिंघानी ने एम.बी.बी.एस. शिक्षा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से 1972 में प्राप्त की। कुछ समय भारत के विभिन्न शहरों में प्रैक्टिस के पश्चात् वे अमरीका चले गए।

अमरीका में उन्होंने यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जन के रूप में कार्य प्रारम्भ किया व न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख भी रहे। इसके बाद 1990 में उन्होंने अमरीका के दूसरे सबसे बड़े मेडिकल सेंटर क्वीन लांग आइसलैण्ड मेडिकल समूह में रीजनल मेडिकल डायरेक्टर के पद से शुरुआत की।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती रीजसिंघानी भी कई वर्षों से राजस्थान में अनेक सामाजिक विकास कार्यों से जुड़ी हैं।

डॉ. रीजसिंघानी द्वारा भेजे जाने वाले उपकरणों को भारत लाने व उनकी राज्य में स्थापना, राजस्थान फाउण्डेशन व अन्य स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा की जाएगी।

श्री जगदीश मून्दडा

द्वारा जोधपुर विधि विश्वविद्यालय को दो लाख भेंट

राजस्थान फाउण्डेशन अपनी त्रैमासिक पत्रिका में सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में लोकोपकारिक कार्य की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकाशित करता रहता है। इसी श्रृंखला में अक्टूबर-दिसम्बर 2002 अंक में जोधपुर विधि महाविद्यालय के बारे में जानकारी प्रदान की थी।

इस लेख को पढ़कर कोलकाता के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री जगदीश मून्दड़ा ने जोधपुर विधि महाविद्यालय को दो लाख रुपये भेंट किये। यह राशि उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करने हेतु दी है। इस राशि के द्वारा छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक दिया जायेगा।

श्री मून्दड़ा एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ एक कर्मठ समाज सेवी भी हैं। वे लक्ष्मी देवी नरसिंह दास मून्दड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जन कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

"जननी जन्मभूमिश्चः स्वर्गादीप गरियसि।"

बंकिम चन्द्र

मामराज अग्रवाल राष्ट्रीय पुरस्कार

शिक्षा समग्र विकास का द्वार है। यदि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित हो तो उसके सर्वांगीण विकास के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। युवाओं में शिक्षा के प्रसार हेतु मामराज अग्रवाल फ़ाउण्डेशन द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है।

इस वर्ष पुरस्कार समारोह का आयोजन राजभवन में दिनांक 12 अक्टूबर, 2003 को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम श्री कैलाशपति मिश्र थे। समारोह के उद्घाटन के पश्चात् श्री मिश्र ने दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के मैरीट में आये मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। श्री मिश्र ने अपने उद्बोधन में श्री अग्रवाल के इस कार्य की प्रशंसा की।

श्री मामराज अग्रवाल ने सबका स्वागत करते हुए सामाजिक उत्थान में शिक्षा की महत्ता का उल्लेख किया।

मामराज राष्ट्रीय पुरस्कार का गठन वर्ष 2000 में किया गया था। यह पुरस्कार मामराज फ़ाउण्डेशन के द्वारा दिये जाते हैं। फ़ाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री मामराज अग्रवाल हैं, जो कोलकाता के प्रसिद्ध उद्योगपति हैं। श्री अग्रवाल एक प्रतिबद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैं। फ़ाउण्डेशन शिक्षा के अलावा चिकित्सा के क्षेत्र में भी सामाजिक कार्यों में संलग्न है। फ़ाउण्डेशन अस्पताल निर्माण, उपकरणों आदि के लिये निरंतर पूंजी दान करता रहता है।

श्री मामराज को सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये वर्ष 2000 में 'दानवीर भामाशाह स्मृति सम्मान' से सम्मानित किया गया था।

Rajasthan Foundation looks forward to hearing from you. Kindly get in touch with us at Rajasthan Foundation, Yojana Bhavan, Yudhister Marg, C-Scheme, Jaipur 302 005, Rajasthan, India. Tel: +91-141-2383166, 2383636
Commissioner (direct): +91-141-2383131. Executive Director (direct): +91-141-2383737. Fax: +91-141-5113224
E-mail: rajfound@raj.nic.in. Website: www.rajasthanfoundation.org

Published by Commissioner, Rajasthan Foundation, Rajasthan, India.
Content Assistance & Layout by Mercury, Jaipur. Printed at Kumar & Co., Jaipur.

(For Private Circulation)